ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

ANSWER SHEET – 15

Sub : Hindi Grammar **Class : IIB** **Date : 28.09.2020**

Topic : अपठित गद्यांश

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

एक राजा के दो पुत्र थे। वह बहुत खुशी-खुशी अपने परिवार के साथ रहते थे। उन्हें सिर्फ एक दुख था। उनका बड़ा पुत्र कुँवर राजवीर सिंह बहुत झगड़ालू और गुस्सैल था। उसे राज्य में कोई भी पसन्द नहीं करता था। उनका छोटा पुत्र कुँवर विजय सिंह बहुत आज्ञाकारी और सुशील था। उसे राज्य की सारी प्रजा पसन्द करती थी। वह भी प्रजा का बहुत ध्यान रखता था। राजा ने अपने बड़े पुत्र को समझाने की बहुत कोशिश की पर वह नहीं सुधरा। अंत में बड़ा होने पर उन्होंने अपने छोटे बेटे को राजगद्दी सौप दी। उसने अपने अच्छे व्यवहार से सबका मन जीत लिया और राजवीर सिंह अपनी बुराइयों के कारण हमेशा अपमान सहता रहा।

1. राजा के पुत्रो का नाम क्या थे?
उत्तर राजा के पुत्रो का नाम राजवीर सिंह और विजय सिंह थे।
2. राजा के बड़े पुत्र का स्वभाव कैसा था?
उत्तर राजा का बड़ा पुत्र का स्वभाव झगड़ालू और गुस्सैल था।
3. राजा के छोटे पुत्र का स्वभाव कैसा था?
उत्तर राजा का छोटा पुत्र आज्ञाकारी और सुशील था।
4. प्रजा विजय सिंह को क्यों पसन्द करती थी?
उत्तर प्रजा विजय सिंह को इसलिए पसन्द करती थी क्योंकि वह उनका बहुत ध्यान रखता था।
5. राजवीर और विजय में से आपको कौन अच्छा लगा और क्यों?
उत्तर राजवीर और विजय में मुझे विजय अच्छा लगा क्योंकि वह आज्ञाकारी और सुशील था तथा सबका ध्यान रखता था।
6. गद्यांश में से एक विशेषण छाँटे।
उत्तर बड़ा पुत्र में बड़ा विशेषण है।
7. गद्यांश में से एक विशेष्य छाँटे।
उत्तर बड़ा पुत्र में पुत्र विशेष्य है।
8. पुत्र शब्द के लिए एक पर्यायवाची लिखे।
उत्तर पुत्र - बेटा।
9. राजा शब्द का लिंग बदले।
उत्तर राजा - रानी।
10. गद्यांश में से क्रिया छाँटे।
उत्तर ध्यान रखना।

Sangeeta Khosla